तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025



13 नगर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम





14 गायत्री मंत्र सिर्फ मंत्र नहीं, जीवन जीने की है पद्धति






## फील्ड पर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता से हो

### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही पर तकनीकी सहायक को जारी होगा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने ली पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और फील्ड पर योजनाओं का क्रियान्वयन गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश दिये। इस दौरान पीएम आवास निर्माण में कम प्रगति पर कसडोल विकासखंड के दो तकनीकी सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से सभी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सकती है। सभी अधिकारी - कर्मचारी गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 48114 आवास लक्ष्य के विरुद्ध 42650 आवास स्वीकृत हुए है, उन सभी आवासों को मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ वनांचलों में आवास निर्माण हेतु ईंट, रेत, गिट्टी, सीमेंट, सेट्रिंग प्लेट इत्यादि की व्यवस्था कराए। उन्होंने कहा कि यदि आवास मित्र काम नहीं ▶▶ शेष पेज 13 पर



#### घर-घर कचरा कलेक्शन की समीक्षा की

कलेक्टर ने मनरेगा के तहत कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य सृजन कर रोजगार उपलब्ध कराएं। अमृत सरोवर का निर्माण तय मानदंडों के अनुसार कराएं। उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय संचालन के लिए पीड़ीएस भवन एवं पीडीएस गोदाम निर्माण के प्रस्ताव भेजने कहा। इसी तरह एनआरएलएम के तहत समूह की महिलाओं के आजीविका सृजन हेतु सीमेंट प्लांट परिसर में उत्पादों के विक्रय स्टॉल लगाने के निर्देश दिये। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण, ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर कचरा कलेक्शन आदि की समीक्षा की।

### खबर संक्षेप

#### दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम अछोली में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कामता साहू पिता सुनहर साहू ने बताया कि 4 दिसंबर की रात आठ बजे प्रदीप निषाद व संजूराम निषाद द्वारा अंडा ठेला लगाया गया था। वहीं पर घांसीराम साहू के घर के सामने रोड में घांसीराम के साथ बातचीत कर रहा था, तभी घांसीराम साहू की पत्नी उमा बाई बोली कि ये लोग हमेशा गाली देते रहते है इस पर उसने उन लोगों को गाली मत दिया करो कहा। इतने में दोनों भाई प्रदीप व संजू द्वारा दुकान से निकलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के प्रदीप निषाद ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना शाम को अपने गांव में अंडा ठेला लगाकर बेचने का काम करता हूं। 4 दिसंबर की रात्रि करीब 7.30 बजे कामता साहू पिता सुनहर साहू उसके अंडा ठेला में आया और वहीं पास में बैठकर उससे कहने लगा कि यहीं पर अश्लील गाली गलौज करूंगा, इस पर उसने कहा कि यहां क्यों गाली गलौज करोगे अपने घर में जाकर गाली गलौज करो। यह कहने पर वह गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा, जब उसका संजू निषाद आया तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ तुमगांव थाने मे जुर्म दर्ज किया गया है।

#### मेला घूमने गए युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम डोकरपाली में राज गौरी गौरा मेला देखने गए युवक पर दो लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को अमित दीवान 05 दिसंबर को उसके गांव मं राज गौरी-गौरा मेला लगा था। जहां उसका चचेरा भाई कुलेश्व र कुमार दीवान पिता स्वक मानसिंग दीवान भी गया था। जहां पर पचरी गांव के 02 लडके महिलाओं को देखकर अश्लीकल टिप्पतणी कर गाली गलौज कर रहे थे। जिसे उसके भाई कुलेश्वार ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनों पचरी के लड़के गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्काय तथा चाकु जैसे धारदार वस्तुड से वार कर दिये।

### आरोपी बाइक चोरी के बाद नंबर प्लेट बदल, इंजन और चेचिस नंबर मिटाकर करते थे बिक्री

## चोरी की 17 बाइक जब्त, 4 अंतरजिला चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पिछले कुछ महीनों से लगातार सामने आ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए इन घटनाओं को अंजाम देने वाले दो अंतरजिला चोर गिरोहों का पर्दाफाश किया है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश पर साइबर सेल की विशेष टीम ने तकनीकी विश्लेषण और सघन जांच के बाद 1 विधि से संघर्षरत बालक सहित 4 आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है।साइबर सेल की टीम द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में घटित चोरी की घटनाओं की जानकारी जुटाकर, घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर इन चोरों की धरपकड़ की गई। आरोपियों के विरुद्ध पहले से ही थाना भाटापारा ग्रामीण, भाटापारा शहर और जिला रायपुर के थाना गंज, सरस्वती नगर आदि में मोटरसाइकिल चोरी के आपराधिक रिकॉर्ड पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने 6 दिसम्बर को सभी चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके साथ ही पुलिस चोरी की मोटरसाइकिलें खरीदने वाले लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है, जिनके विरुद्ध अलग से कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



#### चोरी का तरीका और पहचान छिपाने के पैंतरे

पकड़े गए आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे एक पेशेवर चोर गिरोह की तरह काम करते थे। उनकी पूछताछ में यह बात सामने आई है कि चोरी करने के बाद, वे मोटरसाइकिल को बेचने से पहले उसकी पहचान छिपाने के लिए कई पैंतरे अपनाते थे, जिसमें चोरी की गई बाइक का तुरंत नंबर प्लेट बदल देते थे। बिक्री से पहले इंजन और चेचिस नंबर को मिटा दिया जाता था। मोटरसाइकिल का वाइजर, मडगार्ड आदि बदलकर, उसपर रेडियम से किंग ऑफ हिरमी और कातिल एके-47 जैसे नए नाम लिखवाए जाते थे, ताकि उसकी मूल पहचान छिप जाए। यह गिरोह विशेष रूप से जिला रायपुर के खरोरा क्षेत्र और भाटापारा शहर/ग्रामीण एरिया में अधिक सक्रिय था।

#### लाखों की चोरी का माल बरामद

आरोपियों से पूछताछ के आधार पर, पुलिस ने उनके पास से 10.80 लाख की अनुमानित कीमत की कुल 17 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की। ये चोर गिरोह पिछले 2022 से लगातार बलौदाबाजार-भाटापारा और रायपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।पकड़े गए आरोपियों में टिकेश्वर उर्फ राजा यादव 20 वर्ष निवासी ग्राम हिरमी थाना सुहेला, योगेश यादव उर्फ सर्किट 18 साल निवासी कुम्हार पारा रामसागर वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर, भानु वर्मा 19 साल निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण और विधि से संघर्षरत 1 बालक शामिल हैं।

### अग्निवीर का प्रशिक्षण पूर्ण कर लौटे साजन का नगरवासियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत के साजन आदित्य का अग्निवीर योजना में चयन होने और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद नगर में प्रथम आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। भोपाल में सात महीने का कड़ा प्रशिक्षण पूरा कर लौटे साजन आदित्य के स्वागत में पूरा नगर उमड़ पड़ा और देशभक्ति के रंग में रंग गया।

साजन आदित्य के रेस्ट हाउस के पास पहुंचते ही, उनके युवा साथियों और नगरवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।युवाओं ने ढोल-बाजे और डीजे की धुन पर आतिशबाजी की और साजन को अपने कंधों पर उठाकर खुशी से नाचने लगे। देशभक्ति गीतों के साथ लगभग 1 किलोमीटर लंबी बाइक रैली निकाली गई, जिसमें जय जवान, जय किसान और भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। ▶▶ शेष पेज 13 पर

## प्रशासन ने पांच दिनों में जब्त किए 2664.54 क्विंटल अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- प्रशासन की कार्रवाई से कोचिये और बिचौलिए में हड़कंप

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है। वहीं संदिग्ध बिचौलियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी जा रही है, जिससे सफलता मिल रही है। जिले में 1 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक 70 प्रकरणों में 2664.54 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। प्रशासन की कड़ी निगरानी व कार्यवाही से कोचिये और बिचौलिए में हड़कंप मचा है। चेक पोस्ट पर भी वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है। कोचिये और बिचौलिये के अवैध धान पर यह कार्रवाई धान खरीदी तक निरंतर जारी रहेगी। इसी कड़ी में शुक्रवार को ▶▶ शेष पेज 13 पर



## संकुल स्तरीय विज्ञान व कला प्रदर्शन में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

- विज्ञान मॉडल, प्रश्न मंच, क्ले आर्ट और विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता भी हुई

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी में संकुल स्तरीय विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य रोमेश चंद्र खोटे एवं सरपंच रविशंकर वर्मा के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में संकुल दतरेंगी के एमएसपीएस टेमरी एवं एमएसपीएस दतरेंगी के कक्षा 4थी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लेकर वैज्ञानिक समझ व कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, जनपद सदस्य नीलीमा चरणदास, सरपंच रवि शंकर वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामू सिंह चक्रधारी, विधायक प्रतिनिधि पूनम राम निषाद, संकुल समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय तथा गिधपुरी के व्याख्याता जगदीश कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनी ▶▶ शेष पेज 13 पर




### पुण्यतिथि पर आंबेडकर को किया नमन

**बलौदाबाजार।** भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार को कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ती गौते, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया।ज्ञातव्य है कि भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर पर पूरा देश उन्हें याद किया। उनकी पुण्यतिथि पर 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




# स्काउट्स-गाइड ने मोहतरा में लगाया द्वितीय सोपान जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ स्थानीय संघ बलौदाबाजार द्वारा द्वितीय सोपान जांच शिविर का आयोजन 2 से 4 दिसंबर तक पूर्व माध्यमिक शाला मोहतरा विकासखंड बलौदाबाजार में आयोजित हुआ। प्रथम दिवस का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार से हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि स्थानीय संघ के अध्यक्ष मानक चंद वर्मा, उपाध्यक्ष मुरारी लाल साहू, महिला उपाध्यक्ष सबा खान, सरिता मार्के की उपस्थिति रही। विशाल सिविल ज्वाल कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव न्यूको सीमेंट कम्पनी सोनाडीह के एचआर हेड चंदमा अमबालगी एवं जेआर आड्रिक, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, स्थानीय संघ अध्यक्ष मानक चंद वर्मा, राज्य मुख्य आयुक्त खोडस कश्यप, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, जिला सचिव डॉ.

## प्रथम दिवस का शुभारंभ और ध्वज शिष्टाचार हुआ



### शिविर में प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण

शिविर संचालक नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त शिविर में कुल स्काउट 79 गाइड 44 संचालक मंडल में 10 स्काउटर तीन गाइडर तथा प्रभारी स्काउटर 8, प्रभारी गाइडर 3, सर्विस 5, रसोईया 4, 1 विद्युत मैकेनिक इस प्रकार कुल 157 शिविरार्थी की सहभागिता रही। शिविर में स्काउट- गाइड द्वारा ध्वज शिष्टाचार, नोटबुक की उपादेयता, नियम, प्रतिज्ञा, आंदोलन की ज्ञान, आदर्श वाक्य, सेल्यूट, चिन्ह, बाएं हाथ मिलाना, प्राथमिक उपचार, विविध गांठें, सहित विविध खेल बीपी सिक्स, देशभक्ति, अनुशासन, स्वावलंबन, सेवा, जैसे विधाओं का ज्ञान प्राप्त किया। विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम- पंथी, राउत नाचा, करमा, बस्तरिया नृत्य जैसे विविध मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। साथ ही स्ट्रेचर, पट्टी एवं प्राथमिक उपचार का प्रदर्शन भी किया गया। अंतिम दिवस सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कर ग्राम में स्वच्छता रैली एवं नशा मुक्ति का संदेश देते हुए स्वच्छता साक्षरता आदि का नारा लगाते हुए ग्राम मोहतरा में रैली निकली गई।

जगदीश कुमार साहू, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार, स्थानीय संघ उपाध्यक्ष सोनचंद वर्मा, दिनेश कुमार साहू, राधेश्याम पटेल जिला सदस्य, ब्लाक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार टंडन के आतिथ्य में संपन्न हुआ।आभार प्रदर्शन ब्लाक स्काउट गाइड सचिव चूड़ामणि वर्मा द्वारा और संचालन भागवत प्रसाद चन्द्राकर ने किया। शिविर को सफल बनाने में विशेष रूप से योगेंद्र सोनवानी, गंगाराम वर्मा, पारसनाथ वर्मा, नरेंद्र कुमार साहू, अरुण वर्मा, क्वार्टर मास्टर धनेश कुमार वर्मा, गाइडशिविर संचालक माधुरी श्रीवास, भानु शर्मा, कु गीता ध्रुव, हुलसी वर्मा, कविता साहू, धान बाई जांगड़े, तिलकराम वर्मा, मनोज ध्रुव, मनोज वर्मा कोहरौद, मनोज वर्मा पैजनी, डिगेश्वर साहू, धनंजय साहू एवं तथा मोहतरा के ग्रामीणों में मदन साहू, मानसींग साहू, नाथूराम साहू एवं सचिव सभी पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### 26 लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सामग्री वितरित

खरोरा। स्थानीय डाक घर के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 26 लाभार्थियों को आवश्यक कार्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण कारीगरों एवं श्रमिकों को स्वरोजगार के लिए उपयोगी उपकरण प्रदान किए गए। वितरित की गई सामग्री में वाइब्रेटर, ड्रिल मशीन, बेलचा, रापा, धमेला, हाथ गाड़ी सहित अन्य आवश्यक औजार शामिल रहे। सामग्री वितरण का कार्य त्रिभुवन निर्मलकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर तुकेश्वर साहू (बिठिया), संतराम सतनामी (खपरी), सेसराम बंजारे (खपरी), मुकेश साहू (बिठिया) सहित अन्य लाभार्थी ग्रामीण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी लाभार्थियों ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए इसे रोजगार के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला और सभी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को गरीब एवं श्रमिक वर्ग के लिए लाभदायक बताया।

### ऐमिटी ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**रायपुर।** ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने गुरुवार को सत्यसाई संजीवनी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में अपना दूसरा वार्षिक समारोह "प्रतिबिंब- हमारे भीतर का नायक" विषय के अंतर्गत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर निहित साहस, करुणा और वैश्विक मानव मूल्यों को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान एवं चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें आंतरिक शक्ति, दया और नायकत्व की भावना को जीवन मूल्यों के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि संगीता राजगोपाल (आईएएस) तथा बतौर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित बीएसएफ अधिकारी संजय यादव शामिल हुए। साथ ही ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल साकेत की प्रधानाचार्या सुश्री दिव्या भाटिया एवं ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर की प्रधानाचार्या सुश्री दीपाली तिवारी भी समारोह में सम्मिलित रहीं। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम इस समारोह का विशेष आकर्षण था। मंच पर एक के बाद एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़े रखा।

**न्यायालय श्रीमान चतुर्थ अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
**(ज्ञापन)**
सरस्वती यादव वगैरह...... **आवेदकगण**
**विरुद्ध**
अखिलेश कुमार वगैरह.... **अनावेदकगण**
प्रकरण सी टी क्रं.1565/2023
पेशी तारीख 13/01/2026 प्रो.नं.201
1. अखिलेश कुमार, उम्र लगभग 33 वर्ष, पिता-श्री बबन प्रसाद निवासी-अर्जुन सेन का मकान बलौदाबाजार, थाना अंबेडकर चौक, जिला बलौदा बाजार (छ.ग.)
आपके विरुद्ध इस न्यायालय में आवेदिका सरस्वती यादव के द्वारा रुपये 45,55,000/- (पैंतालिस लाख पचास हजार रुपये) क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु आवेदिका के द्वारा अनावेदकगण के विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत दावा प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 13/01/2026 को दिन के 11.00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस/ समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/ अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात (हाजिरी) हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हैं और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिरी नहीं होंगे तो आपके विरुद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तारीख को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।
आज दिनांक 20/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक: 20/11/2025
**(कु.पुष्पलता मारकण्डे)**
**सदस्य चतुर्थ अति.मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

## सामाजिक समरसता और देश निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा

# नगर में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



नगर के गुरु घासीदास संस्कार केंद्र वार्ड 2 में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सुशीला मनहरे सतनाम धाम खरोरा महिला अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि हेमा गिलहरे सतनाम धाम खरोरा महिला उपाध्यक्ष, अतिथि अंबिका बंछोर पार्षद वार्ड नंबर 14 एवं मनीषा कोसले पार्षद वार्ड नंबर 2 ने अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता के रूप में कंचन वर्मा एवं सीमा पंसारी रहीं। सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में वक्ता कंचन वर्मा द्वारा नारी के सात रूपों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया, जिसमें नारी के रूप श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, कीर्ति, क्षमा की व्याख्या की गई। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध एवं कुटुंब प्रबोधन को समाज एवं देश निर्माण की कड़ी के रूप में बताया। वक्ता सीमा पंसारी ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय के अंतर्गत नारी को परिवार समाज एवं देश निर्माण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका सर्वोपरि होना चाहिए एवं महिलाओं को अपनी शक्ति को जागृत करना चाहिए। मुख्य अतिथि सुशीला मनहरे ने नारी शक्ति के महत्व को बताया। विशिष्ट अतिथि हेमा गिलहरे ने महिलाओं को देश निर्माण में सहायक बताया एवं मनीषा कोसले, अंबिका बंछोर ने महिला शक्ति को परिवार एवं कुटुंब का आधार बताया। कार्यक्रम में गीत, स्वागत नृत्य, वेशभूषा (रानी लक्ष्मीबाई, पद्मावती, अहिल्याबाई, जीजाबाई) एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दमयंतीन डडसेना द्वारा प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य, गीत, प्रस्तावना, संतोषी यादव एवं भारती देवांगन द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिला समूह की प्रमुख शकुन कोसले को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अनुभव कथन दीप्ति गिलहरे द्वारा बताया गया। उन्होंने इस कार्यक्रम को महिलाओं में जागृति लाने वाला बताया। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा पाटकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 50 मातृ शक्तियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# टीएस सिंह देव पहुंचे भटगांव, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव के बस स्टेड में पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के प्रथम नगर आगमन पर अधिवक्ता फिरीतलाल खटकर पूर्व जनपद सदस्य व जिला उपाध्यक्ष अनु. जाति कांग्रेस पार्टी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। आतिशबाजी व बाजे गाजे एवं पुष्प माला के साथ टी एस सिंह देव का सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जिसमें अधिवक्ता व वरिष्ठ नेता फिरीतलाल खटकर, नेमीचंद केसरवानी, छतलाल साहू, नल पटेल, धरमलाल वर्मा आसिफ खान, गुडडू खान, एकेश सोनी पार्षद, बद्री साई, भगवानी जायसवाल. रामचंद्र देव साहू, विक्रम साहू, भाई रामकुमार साहू, दयालू कोसले, कमलेश खुटे,अमित साहू, महेंद्र साहू, प्रताप चंद्र,तुलशी कर्ष,रामजी सिदार, गोपाल यादव, मोती साहू, सुकांति साहू रामा हिरवानी,अमित नवरंग, शेखर हिरवानी, गेदराम, नंदकुमार यादव, जय कुमार टंडन, राहूल साहू, शैलेष साहू, योगेश्वरी साहू इत्यादि उपस्थित थे।

# सीनियर ओपन कबड्डी चयन ट्रायल में 12 खिलाड़ियों का चयन



**पलारी।** राज्य स्तरीय सीनियर ओपन महिला- पुरुष कबड्डी चैम्पियनशिप के लिए ब्लाक पलारी की टीम का गठन कर शनिवार को ग्राम भवानीपुर में चयन ट्रायल रखा गया। इसमें पलारी ब्लॉक के 25 कब्बड्डी खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में भाग लिया। चयनित खिलाड़ी ने सोमवार जिला स्तरीय कबड्डी चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। जिला चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी बलौदाबाजार टीम की नेतृत्व करते हुए राज्य स्तरीय कबड्डी ओपन चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। इसमें मोहन साहू, पिंटू, प्रियांशु नेताम, द्वारिकाधिश, अमित, आर्यन, तुका देवदास, हितेश नवरंगे, भगवत साहू, निक्की, अमन यादव, सुरेश साहू शामिल है। इस अवसर पर ब्लॉक कब्बड्डी संघ के अध्यक्ष विरेन्द्र साहू, महिला उपाध्यक्ष निर्मला रजक, सचिव मालिकराम नेताम, धनेश्वर साहू, चयन प्रभारी द्वारिका फेकर, मीडिया प्रभारी संजू साहू, चरण निषाद, पूनम साहू, तुलसी ध्रुव, बहुर सेन, सोमनाथ ध्रुव, परदेशी ध्रुव, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रजत जयंती पर जिला वनमण्डल में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रजत जयंती पर्व पर जिला वनमण्डल द्वारा शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वन परिक्षेत्र बल्दाकछार अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला परसदा एवं प्राथमिक शाला परसदा में एक पेड़ छत्तीसगढ़ महतारी के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। वन परिक्षेत्र सोनाखान के ग्राम पठियापाली स्थित प्राथमिक शाला प्रांगण में तेंदूपत्ता संग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। वन परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला कोसमसरा में स्कूली छात्रों द्वारा चित्रकला, वन सुरक्षा पर निबंध प्रतियोगिता एवं खेल गतिविधियों में भाग लेकर वन एवं वन्यजीव सुरक्षा का संकल्प लिया गया। वन परिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत अर्जुनी वन विश्राम गृह में हर्बल मेला आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय वैद्यराजों ने उपस्थित जनों को जड़ी-बूटियों की पहचान कराई तथा विभिन्न रोगों में उनके उपयोग के बारे में बताया। परिवृत्त सिमगा अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला कचलोन में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय, तेंदूपत्ता संग्राहक, विद्यार्थियों एवं स्थानीयजनों को वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई।



# पदोन्नति पर सीएम साहू को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेल हिंदी इंग्लिश मिडियम स्कूल में सीएम साहू का प्राचार्य पद पर पद्दोनत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। उनका स्थानांतरण मोहतरा स्कूल में हुआ। सीएम साहू को शनिवार को दोपहर 1 बजे श्रीफल बुके शाल गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया गया हैं। जिसमें विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे। प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन, प्रधान पाठक स्वर्णलता डडसेना, शिक्षक रोहित साहू, ओमप्रकाश साहू, जैकलिन हैरेंज, हरप्रसाद साहू, भूपेंद्र कुमार साहू, गोदावरी पटेल, वंदना साहू, छोटूदास मानिकपुरी, रमहैयालाल कश्यप, निशा देशलहरे, हेमा दुबे, सीमा कुर्रे, प्रज्ञा पटेल, दीपक यादव, श्रेया, अश्वनी कौर, अविनाश, पुष्पेंद्र साहू, गवेशचंद्र, हिरवानी, मानसी पटेल, गौतम पटेल, विकास कुर्रे, मयंक चंद्राकर, नेहा घृतलहरे, सृष्टि मिश्रा, शुभम सोनी, सहित अन्य ग्रामीण सत्यनारायण साहू, हेमंत कुमार साहू, स्वीपर रमाकांत साहू, संतोष जायसवाल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

# 51 तीर्थयात्री बैजनाथ धाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शनिवार को अंचल के 51 तीर्थयात्रियों को बैजनाथ धाम झारखंड के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें ग्राम पंचायत टीपावन से पहली बार 6 लोग तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए है। ग्रामवासी एकत्रित होकर बाबाधाम जाने वाले तीर्थयात्रियों को टीका लगाकर व नारियल भेंट कर रवाना किया गया। मौके पर सरपंच घासीन गुलशन रजक, उप सरपंच अंजुम मारकंडे ने कहा कि पहली बार गांव से तीर्थ यात्रा के लिए रवाना करते समय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि ये तीर्थ यात्री बाबाधाम में गांव की सुख संमृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। तीर्थयात्रा में फिरतू यादव, तुलसीराम रजक, दौलत राम रजक, आत्माराम यादव, रामेश्वर अधेलिया, वीरेंद्र देवांगन शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### फील्ड पर सरकारी ...

रहे तो रोजगार सहायकों को जिम्मेदारी दें, ताकि आवास निर्माण कार्य में प्रगति लायी जा सके। जिन हितग्राहियों को पहली किशत की राशि जारी हो गई है, उनके आवास एक सप्ताह में प्रारम्भ कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित जनपद सीईओ, पीओ मनरेगा, तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

### अग्निवीर का प्रशिक्षण...

बस स्टैंड पर पहुंचने पर साजन के माता-पिता और परिवार के सदस्यों ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। साजन ने भी अपने माता-पिता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर साजन आदित्य ने देश के प्रति अपने समर्पण को दोहराया। उन्होंने कहा मैं जब तक अग्निवीर में रहूंगा, देश की सेवा करता रहूंगा। मैं सभी युवाओं को संदेश देना चाहता हूं कि आप लोग भी देश की सेवा और सुरक्षा के लिए आगे आएं और सहयोग प्रदान करें। साजन की माता ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है, जिसने अपना जीवन देश की सुरक्षा के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अपनी कड़ी मेहनत से अग्निवीर में चयनित होकर अब देश की रक्षा करेगा। इस मौके पर अपना फाउंडेशन समिति के सदस्यों में पुष्पेंद्र प्रताप सिंह राजमहल, रेखा केशरवानी, राजू जायसवाल, राजीव लोचन साहू, रघुराज सिंह, सुमन सोनी, लखन साहू, लालू नागवंशी, लल्लू पटेल, नगरवासियों, मोहल्ले के युवा साथियों ने साजन आदित्य को बधाई दीं।

### प्रशासन ने पांच ...

विभिन्न तहसीलों में संयुक्त टीम द्वारा 5 प्रकरण में 2052 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया, जो एक दिन में की गई अब तक की बड़ी कार्रवाई है। जानकारी के अनुसार भाटापारा तहसील में अमित चावल उद्योग से गगनदीप पोहा मिल ले जा रहे 800 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। सोनाखान तहसील अंतर्गत ग्राम बया मे संयुक्त टीम द्वारा विकास ट्रेडर्स पर दबिश दी। जांच टीम ने विकास ट्रेडर्स से लगभग 850 कट्टा पुराना अवैध धान जब्त किया। पलारी तहसील में ग्राम ओड़ान के दिनेश चंद्राकर गोदाम से 305 कट्टा, कबीर ट्रेडर्स भवानीपुर से 46 कट्टा, बलौदाबाजार तहसील में मुलशंकर ट्रेडर्स पनगांव से 51 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया।

### संकुल स्तरीय विज्ञान...

में विज्ञान मॉडल, प्रश्न मंच, क्ले आर्ट, विज्ञान नाटिका एवं कला प्रदर्शनी जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। राज्य स्तरीय विज्ञान मेला जशपुर में भाग लेने वाले तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संदीप साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा निरंतर सीखने पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की और विद्यालय के खेल मैदान के समतलीकरण के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों भारती साहू, क्रांति कौशिक, गौरी भारद्वाज, राजकुमार तिवारी, कृति सिंघानिया, मुकेश ग्वेल, बलदेव प्रसाद जायसवाल, सोहनलाल खेतलहरे, नंद यादव, अनिल कुर्रे, मधु साहू, हिमेश साहू तथा संकुल समन्वयक राजेश सेन, जीतेन्द्र ध्रुव एवं सेवंत जांगड़े का विशेष योगदान रहा।

# बाबा साहब का जीवन देशवासियों के लिए हैं प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



तहसील और जनपद पंचायत परिसर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने बाबा साहब के आदम कद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रति किए गए संघर्ष को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके बताये मार्ग पर चलकर ही समाज में समरसता और प्रगतिशीलता को बढ़ाया जा सकता है। महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लोगों ने संकल्प लिया कि वे संविधान के मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व को जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
07 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:00, 7:00, 9:00 PM
तेरे इश्क में
शो समय - 3:45, PM
हाय पैसा
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप




### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा के लिए छात्रों ने निकाली रैली

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा 7 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। इसके लिए उल्लास मध्य भारत साक्षरता के लिए छात्रों ने रैली निकाली। रैली अंचल के कोकड़ी, रिसदा, पुरान, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, सैहा, गितकेरा, चुचरुंगपुर, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, सेम्हराडीह, चंडी, पिपराही, सरकीपार, ढनढनी, खैरवारडीह, भरूवाडीह गांवों में पहुंची, जहां पीले चावल के साथ पात्र परीक्षार्थियों के घर-घर दस्तक देकर शिक्षकों ने परीक्षार्थियों के नाम और समय सारणी सहित उन्हें प्राधिकरण द्वारा प्रिंटेड न्योता-पाती आमंत्रण पत्र देकर सामूहिक रूप से स्कूल परिवार द्वारा महापरीक्षा अभियान में परीक्षार्थियों को आमंत्रित किया।

### दो आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए

**महासमुंद।** जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 248 (संरक्षित वन) में अवैध कटाई एवं सफाई कर अतिक्रमण के प्रयास पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग द्वारा आरोपीगण मधुसूदन एवं साधु, पिता समारु साहू, निवासी ग्राम मेमरा, के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 20656/20 05 दिसंबर पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें लगभग 2-3 वर्ष पूर्व प्रत्येक को 5-5 एकड़ क्षेत्र में वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अपने पट्टा क्षेत्र से सटे जंगल को धीरे-धीरे काटकर उसे कृषि भूमि में परिवर्तित कर अपनी भूमि में मिलाने के उद्देश्य से 0.61 हे. क्षेत्र में 149 हरे-भरे खड़े वृक्षों की अवैध कटाई की गई। क्षेत्र में अवैध कटाई एवं सफाई कार्य से वन्यजीवों के घोंसलों, अंडों तथा उनके प्राकृतिक रहवास को भी क्षति पहुंची है। स्थल निरीक्षण के दौरान वन्यजीवों की उपस्थिति एवं रहवास से संबंधित साक्ष्य प्राप्त हुए जिन्हें विधिवत संकलित किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के निवास से 21 नग सागौन चिरान, दो नग कुल्हाड़ी एवं एक नग हाथ आरा जब्त किया गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि जब्त कुल्हाड़ी का उपयोग ही वृक्षों की कटाई में किया गया था।

## निधन

### बलराम पटेल



**बलौदाबाजार।** ग्राम अमेरा निवासी 68 वर्षीय बलराम पटेल का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह गृहग्राम अमेरा में किया जायेगा। वे हिरमेश्वर, धनेश्वर के पिता एवं ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति बल्दुराम पटेल के अनुज व हिर्मेन्द्र पटेल के चाचा थे।

### लतेल साहू



**भाटापारा।** सुभाष वार्ड निवासी 93 वर्षीय लतेल साहू (जनता टेलर) का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 दिसंबर को स्थानीय रावण भाठा स्थित मुक्ति धाम में सुबह 10 बजे किया जायेगा। वे राधेश्याम, प्यारे लाल (पोस्ट मेन), गोविंद, गिरधारी साहू के पिता और कोमल साहू, राजेश, आनंद, रवि साहू (रवि इलेक्ट्रॉनिक) के दादाजी थे।

# सतनाम संदेश पदयात्रा के समापन में शामिल हुए धर्म गुरु रुद्रकुमार व सर्व समाज प्रमुख

## हजारों की संख्या में पदयात्री पहुंच कर भोजन भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

सर्व समाज एकता सतनाम संदेश पदयात्रा सामाजिक नेता बेदराम मनहरे जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे के नेतृत्व में सर्व समाज द्वारा सतनाम संदेश यात्रा खरोरा सतनाम गुरु द्वारा से गिरौदपुरी धाम के लिए 1 दिसंबर को निकाली गई। 4 दिसम्बर को गिरौदपुरी मडवा भवन में दोपहर दो बजे पहुंच कर सभी पदयात्री एक साथ हजारों की संख्या में पहुंच कर भोजन भंडारा का प्रसाद ग्रहण कर मडवा भवन से सभी गिरौदपुरी धाम मुख्य गुरू गद्दी के लिए निकले। सर्व समाज एकता सतनाम संदेश पदयात्रा का नेतृत्व कर्ता समाजिक नेता बेदराम मनहरे, तिल्दा जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वर सोनू मनहरे के साथ मुख्य रुप से नीलकमल आजद, राहुल चंद्राकर, मिथलेश साहू, विनीत पाण्डेय, भूपेश साहू, राजू शर्मा, लोचन ध्रुव, विकास गायकवाड, देवव्रत नायक, तुलाराम साहू, लक्ष्मण वर्मा, विक्की साहू, सत्या माण्डले, राटहुल डहरिया, सुरेश बंजारे, रितेश साहू, पूर्णनेंद्र नायक, सुशील बंजारे, अंकित वर्मा, सागर पटेल, कुणाल चंद्राकर, राजू मनहरे सहित हजारों की संख्या पदयात्रीगण माहाआरती कर सर्व समाज मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इस दौरान सतनामी समाज के धर्म गुरु रूद्र कुमार, बबलू, त्रिवेंद्र, मोहन बंजारे, एसआर यादव, समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी छत्रीय समाज खोडसराम कश्यप, सोनी समाज से अनिल सोनी साहू, महेंद्र, मोनू साहू, डायमंड साहू, कलार समाज से चन्द्र कुमार कलार, भूपेंद्र नायक, एच के भारती, राहूल चंद्राकर, द्वारिका बंन्दे व भारी संख्या मे सर्व समाज उपस्थित होकर सभी माहारती कर मत्था टेका।



### सर्व समाज को मानव-मानव एक समान का दिया संदेश

मडवा भवन के पास सतनामी समाज के धर्म गुरु रुद्र कुमार उपस्थित होकर पद यात्रियों को आशीर्वाद दिया। सतनामी समाज के धर्म गुरु रुद्र कुमार ने हजारों पदयात्रियों के साथ मडवा से गिरौदपुरी मुख्य गुरु गद्दी तक पदयात्रा करते हुए गिरौदपुरी मुख्य गुरु गद्दी में पहुंच कर सर्व समाज को मानव-मानव एक समान का संदेश देते हुए गुरु गद्दी की महा आरती कर गुरु गद्दी में मत्था टेक आशीर्वाद लिया।

## चुनाव : दावा एवं आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि आज

# जिला साहू संघ का चुनाव 12 को, मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला साहू संघ के चुनावी बिगुल के साथ ही समाज में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 12 दिसंबर को होने वाले चुनाव को लेकर सामाजिकजनों में उत्साह देखा जा रहा है। संभावित दावेदार सक्रिय हो गए हैं तथा मतदाताओं से संपर्क साधते हुए समर्थन जुटाने में जुटे हैं। समाज के बड़े चुनावों में शुमार यह निर्वाचन इस बार भी पारदर्शी व्यवस्था के साथ कराया जाएगा।

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन शनिवार 6 दिसंबर को सुबह 11 बजे किया गया। इसके बाद मतदाता सूची में दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया रविवार, 7 दिसंबर को शाम 5 बजे तक चलेगी। सोमवार 8 दिसंबर को सुबह 11 बजे अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। इसके पश्चात नामांकन प्रक्रिया मंगलवार 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगी। इसी दिन दोपहर 12.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।

जांच उपरांत समन्वय समिति की बैठक के बाद मंगलवार को ही दोपहर 1 बजे प्रत्याशियों की प्रारंभिक सूची सार्वजनिक की जाएगी। नाम वापसी का समय दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक निर्धारित है। इसके बाद शाम 4 बजे तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मतदान प्रक्रिया मुख्यतः शुक्रवार 12 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद शाम 4 बजे से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा तथा परिणाम की घोषणा मतगणना पूर्ण होने के साथ ही की जाएगी। चुनावी प्रक्रिया साहू छात्रावास, बलौदाबाजार में आयोजित होगी।

चुनाव को सफल बनाने के लिए निर्वाचन पदाधिकारियों की टीम गठित की गई है, जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य निर्वाचन अधिकारी एमएल साहू तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी ताराचंद साहू की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहेगी। इनके साथ निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में टिकाराम साहू, राजेश साहू, धाधुराम साहू, शांतीलाल साहू, बेनीराम साहू, अरुण साहू, कमलेश साहू, लेखराम साहू, भरत साहू, दिनदयाल साहू, अशोक कुमार साहू, धनीराम साहू, मिश्रीलाल साहू, माखन साहू, प्रमोद साहू, लक्ष्मण साहू, डोमन साहू, कौशलेश साहू, विजय साहू, आनंद साहू, जितेंद्र साहू व खिलावन साहू की भूमिका होगी। यह सभी मिलकर चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित रूप से संचालित करेंगे।

इसके साथ ही चुनावी गतिविधियों की निगरानी और समन्वय के लिए समन्वय समिति का गठन भी किया गया है। इस समिति में विधायक इन्द्र साव, विधायक संदीप साहू, पूर्व संसदीय सचिव शकुन्तला साहू, पूर्व विधायक चैतराम साहू सहित पर्यवेक्षक निर्वाचन रुपेश साहू एवं प्रदीप साहू शामिल हैं। इनके अलावा रेवाराम साहू, धनंजय साहू, पारसमणी साहू, अशोक साहू, राजू हरिकांत साहू, किशोर साहू, रामगोपाल साहू, कुलेश्वर साहू, रामनाथ साहू, सरोज साहू, जगदीश साहू भी सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।जिला साहू संघ का चुनाव हमेशा से समाज में नेतृत्व क्षमता और सामाजिक एकजुटता को प्रदर्शित करने का माध्यम माना जाता है। इस बार भी समाज के लोग बेहतर नेतृत्व चुनने के लिए उत्साह के साथ मतदान में भाग लेने का संकल्प लिए हैं।

# प्रधानपाठक ने 35 छात्र-छात्राओं को बांटे स्वेटर, छात्रों को ठंड से बचाने की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

सरकारी स्कूल के शिक्षक ने यह साबित कर दिया कि एक शिक्षक सिर्फ पढ़ाता नहीं, बल्कि समाज को संवारता भी है। भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम टोनाटार निवासी एवं प्राथमिक शाला परसाडीह के प्रधान ठक दौलत कुंजाम ने ठंड से बचाने 35 स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने वेतन से स्वेटर वितरित की। यह पहल न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश भी देता है। वहीं ठंड में बच्चों के चेहरों पर उमंग और खुशी की झलक साफ दिखाई दी, जब प्रधान पाठक ने स्वेटर वितरित किए।

शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य राजकुमार ध्रुव ने कहा कि प्रधान पाठक दौलत कुंजाम की यह पहल सभी के लिए एक प्रेरणा है। उनका यह प्रयास बताता है कि शिक्षक सिर्फ शिक्षा नहीं संस्कार भी देते हैं। ममता ध्रुव ने कहा कि ठंड के मौसम में बच्चों को सुरक्षित रखने प्रधान पाठक द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है। उनका यह कदम न केवल बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा करेगा, बल्कि शिक्षा के प्रति उनकी नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित करेगा।

प्रधान पाठक दौलत कुंजाम ने बताया कि सर्दियों में बच्चों के पास गर्म कपड़े नहीं होने के कारण उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए मेरे द्वारा यह सुनिश्चित किया कि सभी बच्चों को स्वेटर उपलब्ध हो और वे ठंड से सुरक्षित रह सके।

इस पुनीत कार्य के दौरान विद्यालय के शिक्षक दयाशंकर सोनी, तनु ध्रुव, मधु साहू एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य गोविंद ध्रुव, नितेंद्र कुमार ध्रुव, बैसाखूराम ध्रुव, मोहिनी ध्रुव, हीरा ध्रुव, संगीता ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# उल्लास नवभारत साक्षरता के लिए छात्रों ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

साक्षरता भारत के अंतर्गत 7 दिसम्बर को असाक्षरों की महापरीक्षा आयोजित होगी। इसके प्रचार प्रसार व जागरूकता के लिए गिधौरी विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रैली निकाली। शनिवार के कार्यक्रम में मुख्य रूप से हायर सेकंडरी विद्यालय गिधौरी के प्राचार्य रमेश कुमार यादव, रंजीत कुमार कौशिक व्याख्याता, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानाचार्य रीना शुक्ला, संकुल समन्वयक हेमचंद साहू, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के परीक्षा संचालक एवं परीक्षा केंद्राध्यक्ष संत कुमार साहू तथा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

# जिपं सदस्य ने सामुदायिक भवन, रंगमंच एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



ग्राम पंचायत गोरदी में शनिवार को सत्रह लाख की लागत से होने वाले तीन महत्वपूर्ण विकास कार्यों, सात लाख के सामुदायिक भवन, चार लाख के रंगमंच तथा छह लाख की नाली निर्माण का भूमिपूजन जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने किया। इन सभी निर्माण कार्यों की स्वीकृति भी उन्हीं के द्वारा प्रदान करायी गई।

कार्यक्रम के दौरान ईशान वैष्णव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास उनका सर्वोच्च लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि गोरदी सहित कई ग्रामों में आवश्यक कार्यों के लिए राशि मंजूर की गई है और आने वाले समय में भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता और सामाजिक ढांचे को मजबूत करना मेरी प्राथमिकता है और इसके लिए मैं सतत प्रयासरत रहूंगा।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास ही वास्तविक प्रगति का आधार है। हमारी कोशिश है कि हर गांव में ऐसी सुविधाएं विकसित हो, जिससे ग्रामीणों का जीवन आसान हो सके। सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारना हमारा दायित्व है और हम इसे पूरी निष्ठा से पूरा कर रहे हैं। कार्यक्रम में सरोज साहू सरपंच गोरदी, दीना पाल सरपंच प्रतिनिधि बिलईडबरी, जितेंद्र वर्मा सरपंच प्रतिनिधि सेमराडीह, नरेंद्र साहू, देवेन्द्र घृतलहरें, पूर्व सरपंच परसादी राम साहू, उप सरपंच, पंच और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि इन निर्माणों से गांव की सुविधा, संस्कृति और स्वच्छता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

## समाजसेवी राजेश ने मवेशियों के लिए पैरा दान किया

**घोटिया।** ग्राम पंचायत वटगन में जारी पैरादान महादान अभियान के तहत समाजसेवी राजेश शर्मा ने पशुधन संरक्षण और ग्रामीण हित को ध्यान में रखते हुए दो गाड़ी पैरा दान किया। उनके इस सेवा कार्य की गांव में सराहना की जा रही है। पैरा दान कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत वटगन के सरपंच बाबूलाल बंजारे, पंच मनीराम, हस्ती, अवध यादव, लछान यादव, चेतन, दिनेश वर्मा, टेकराम कन्नौज, समीर चंद्राकार, मनोज वर्मा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने राजेश शर्मा के इस कदम को जनसेवा की मिसाल बताते हुए उनकी प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के दान से न केवल पशुधन को राहत मिलती है, बल्कि यह समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है।



# 58 तीर्थ यात्री बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




जनपद पंचायत और नगर पालिका से 58 तीर्थ यात्री मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के अंतर्गत बाबा बैद्यनाथ धाम अनुकूल ठाकुर बजरंगबली के लिए रायपुर स्टेशन के लिए रवाना किए गए। तीर्थ यात्रियों को जनपद अध्यक्ष सविता आनंद एवं मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा और पूर्व सरपंच सिमरिया मोदी एवं पंचायत इंस्पेक्टर सनत कुमार ध्रुव एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## ज्ञानोदय विद्यालय में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

# गायत्री मंत्र सिर्फ मंत्र नहीं, जीवन जीने की है पद्धति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में शनिवार को 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धापूर्ण आहुतियां समर्पित की।

विद्यालय परिसर में आयोजित इस महायज्ञ में समाज के विभिन्न वर्गों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। सभी उपस्थित लोगों ने एक साथ मिलकर विश्व कल्याण, सद्बुद्धि और ज्ञान की प्राप्ति के लिए हवन कुंड में आहुतियां अर्पित की। यज्ञ के दौरान गूंजते हुए वैदिक मंत्रों से पूरा वातावरण शुद्ध और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा।

गायत्री मंदिर हिरमी से पधारे ब्रह्मवादिनी बहनों ने गीत-संगीत के माध्यम से यज्ञ की महिमा का गुणगान किया। इस अवसर पर श्यामसुंदर ने गायत्री मंत्र की महिमा का विस्तार से बखान करते हुए श्रोताओं से जीवन में ज्ञान, सद्कर्म और नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। टउन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र सिर्फ एक मंत्र नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है। प्रज्ञा पुत्र प्रेमलाल सिन्हा ने जीवनी एवं विचारों का वर्णन किया।

महायज्ञ के दौरान अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य 'गुरुदेव' की प्रेरणादायी जीवनी और उनके युग निर्माणकारी विचारों का वर्णन किया गया। इस अवसर पर प्रेमलाल सिन्हा ने गुरुदेव के संदेश को सभी श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के शिक्षक टीआर वर्मा के द्वारा किया गया।

